# तेरी महिमा | By Kumaar Mukesh

श्याम तेरी महिमा का जग में कोई पार ना पाया
जिसने जो माँगा दे डाला खाली ना लौटाया

भक्तों के सब दु:ख हर लेते हर हारे का सहारा हो
उसका कोई बाल ना बांका जिस पर हाथ तुम्हारा हो
जो भी आया धाम तुम्हारे खाली ना लौटाया
जिसने जो माँगा दे डाला खाली ना लौटाया

रींगस से निशान उठा के धाम चलो मरेर बाबा के
आओ भक्तों दर्शन कर लो चरण पकड़ लो बाबा के
पार करेंगे बेडा उसका जिसने भी सर को झुकाया
जिसने जो माँगा दे डाला खाली ना लौटाया

शीश के दानी लीले वाले की सारी दुनिया है दीवानी
मनचाहा फल देने वाला श्याम है मेरा वरदानी
राजा हो या रंक सभी की बिगड़ी को तूने बनाया
जिसने जो माँगा दे डाला खाली ना लौटाया

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a4%b9%e0%a4%bf%e0%a4%ae%e0%a4%be-by-kumaar-mukesh/